## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक–2025 पारित : कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– रोज़गार के बेहतर अवसर और ग्रामीण विकास को गति देगा यह कदम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में हुए शामिल : कहा– सरकार कलाकारों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सशक्त वातावरण देने के लिए है प्रतिबद्ध।
3. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू : 22 दिसम्बर को अनुपूरक बजट होगा पेश, वंदे मातरम पर 5 घंटे की जाएगी सदन में चर्चा।

और

4. प्रदेश के अधिकांश ज़िले कड़ाके की ठंड की चपेट में : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए कौशांबी, प्रयागराज, वाराणसी, समेत आसपास के 35 ज़िलों में जारी किया घने कोहरे का रेड अलर्ट।

---

लोकसभा ने आज विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण जो–राम–जी विधेयक–2025 पारित कर दिया है। इस विधेयक का मकसद विकसित भारत–2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। नए विधेयक में श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी, बहतर मजदूरी और सुरक्षा देने का प्रावधान है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। बाइट...

*हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसके इसी साल बजट में प्रस्तावित है 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया और ये रुपया कहां जाएगा ये मजदूरों को मजदूरी के लिए भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड रूपया खर्चा करेगी।*

जी–राम–जी विधेयक–2025 के तहत हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। यदि 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो विधेयक में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रदेश के लोगों ने इस विधेयक के लोकसभा में पास होने पर खुशी जताई है।

अमरोहा के बलवीर सैनी ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने के साथ ही लोगों को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। बाइट....

*विकसित भारत जी राम जी, जो हमारी सरकार योजना ला रही है, इससे हमारे ग्राम वासियों को बहुत लाभ मिलेगा और बहुत अच्छी योजनाएं चल रही हैं यह। जबसे यह सरकार बनी है, गांव वालों के लिए और शहर वालों के लिए भी बहुत अच्छी योजनाएं लाए हैं और बहुत अच्छा लाभ मिल लिया है हमें।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पिछले 100 वर्षों में भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और ललित कलाओं को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उन्हें आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर प्रतिष्ठित भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है और एक सुव्यवस्थित नीति के अंतर्गत इन कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। बाइट....

*कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण प्राप्त हो, उस प्रकार का प्लेटफार्म सरकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सरकार इसके लिए हर प्रकार का कार्य करेगी कलाकारों के कल्याण के लिए, उनके स्वास्थ्य, उनके प्रशिक्षण, उनके लिए मंच, उनके लिए आजीविका इन सब के लिए हम लोग एक व्यवस्थित नीति के तहत उसे आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय इस दिशा में हमारी सरकार के साथ एक बेहतरीन सांझेदार के रूप में कार्य करे ठीक।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि भातखंडे विश्वविद्यालय को लखनऊ में लगभग छह एकड़ भूमि प्रदान की गई है, जहां

वैश्विक मानकों के अनुरूप नया परिसर विकसित किया जाएगा।

————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। 24 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, साथ ही वंदे मातरम पर चर्चा भी की जाएगी। इसी क्रम में आज एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। पेश ह एक रिपोर्ट...

*आज हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ ही भाजपा समेत अन्य पार्टियों के सदस्य शामिल हुए। बैठक में 22 दिसंबर को वंदे मातरम पर 5 घंटे की चर्चा पर सहमति बनी। इसी दिन सरकार अनुपूरक बजट भी सदन में पेश करेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में 8 अध्यादेशों को भी मंजूरी के लिए सदन में पेश किया जाएगा। सत्र के आखिरी दिन यानी 24 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

शिक्षा सेवा चयन प्रक्रिया को मजबूत और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी रहें हैं, जो हाल ही में डीजीपी पद से रिटायर हुए हैं। उनके प्रशासकीय अनुभव को देखते हुए प्रदेश सरकार ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

इंन्दिरा गांधी राष्टीय मुक्त विश्वविद्यालय—इग्नू ने जनवरी 2026 के सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन मोड में स्नातक और परास्नातक के तीन सौ पचास से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तीथि इकतीस जनवरी निर्धारित की गयी है।

——————————

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रतिष्ठा द्वादशी का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन की शुरुआत 29 दिसम्बर को मानस पाठ, कथा वाचन और रामलीला के साथ होगी। 30 दिसम्बर को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान जारी रहेंगे। 31 दिसम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्य समारोह का उद्‌घाटन करेंगे। एक और 2 जनवरी को भजन गायन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनमें जाने माने भजन गायक अनूप जलोटा भी प्रस्तुति देंगे।

——————————

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी प्रदर्शनी–2025 का उद्‌घाटन किया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस दस दिवसीय प्रदर्शनी में खादी के उत्पादों के लगभग 50 स्टॉल लगाए गए हैं।

——————————

प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। प्रयागराज के पुलिस उपायुक्त अजय पाल शर्मा ने बताया कि 3 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले के लिए पूरे परिसर को 4 जोन और 9 सर्किल में बांटा गया है। इनमें 17 पुलिस स्टेशन और 42 पुलिस चौकियां स्थापित की जा रही हैं। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा को लेकर साइबर कमांडो की तैनाती की जा रही है। बाइट...

*एसडीआरएफ की टीम्स रहेंगी। हमारे एनडीआरएफ की टीम्स रहेंगी। इसके अलावा आरएएफ का और अन्य जो पुलिस बल हैं उनका सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही जो अलग–अलग हमारे सर्कल्स हैं, सेक्टर्स हैं वहां पर सीओ से लेकर के एसएचओ उसकी तैनाती लगातार की जा रही है। इसके अलावा जो बाहर से जो सड़क मार्ग से आने वाले यात्री हैं उनके लिए जो पार्किंग्स हैं लगभग 1,30,000 से ज्यादा संख्या में गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है तो 42*

*पार्किंग्स को चिन्हित किया गया है और रेलवेज के अधिकारियों के साथ, रोडवेज के अधिकारियों के साथ में सभी के साथ में सोनू बैठक करके उसके जो रूट मैप से उसको तैयार कर लिया गया है।*

**माघ मेले के दौरान संगम में श्रद्धालु सुगमता से आस्था की डुबकी लगा सकें, इसके लिए सरकार परिवहन, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत कर रही है। इसी के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी परिक्षेत्र के 8 जिलों से तीन चरणों में 336 अतिरिक्त बसों का संचालन होगा। इनमें जनरथ ए.सी. बसें भी शामिल होंगी।**

**——————————**

**प्रदेश के अधिकांश ज़िले कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। इसके चलते कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। लखनऊ में जिलाधिकारी विशाख जी ने कक्षा एक से 12 तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को सुबह 9 बजे के बाद संचालित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं जौनपुर, उन्नाव, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कुशीनगर समेत कई अन्य ज़िलों में सभी स्कूलों में कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलाने का आदेश जारी किया गया है। कोहरे के कारण वाराणसी एयरपोर्ट की कई उड़ानें रद्द रही जबकि कुछ को लखनऊ के लिए डायवर्ट किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों मं कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी और कानपुर समेत आसपास के 35 जिलों में घने कोहरे**

और शीतलहर का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली समेत आसपास के करीब 32 ज़िलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————